प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

नई दिल्ली में पन्तनगर विश्वविद्यालय द्वारा सेना अध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं गणमान्य अतिथियों हेतु आम महोत्सव का आयोजन

पन्तनगर। 15 जुलाई 2024। विश्वविद्यालय द्वारा कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के निर्देशन में आम वैज्ञानिक डा. ए.के. सिंह, प्राध्यापक, उद्यान एवं संयुक्त निदेशक, उद्यान अनुसंधान केन्द्र, पत्थरचट्टा तथा उनकी टीम द्वारा 14 जुलाई 2024 को सेना के आकाश एयरफोर्स आफिस, नई दिल्ली में आम महोत्सव 2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पन्तनगर विश्वविद्यालय में उत्पादित की जा रही 236 प्रजातियों में से भारतवर्ष में व्यवसायिक स्तर पर उत्पादित की जा रही आम की 28 प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही सात उच्च गुणवत्तायुक्त आम के उत्पादन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा संस्तुत विभिन्न तकनीकियों का भी प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सेना के सीडीएस जनरल अनिल चौहान, तीनों सेना के प्रमुख, उनके प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों, आमंत्रित गणमान्य अतिथियों एवं पत्रकारों के साथ–साथ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा आम की विभिन्न प्रजातियों का अवलोकन करते हुए उनका स्वाद भी चखा। जनरल चौहान एवं अन्य प्रतिभागियों द्वारा आम से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्राप्त की गयी तथा आम में प्रचुर मात्रा में पाये जाने वाले पोषक तत्वों से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने की विशेष रूप से सराहना की गयी। महोत्सव के दौरान आम की सबसे कम वजन (अंगूर लता), अधिक वजन (हाथीझूल) एवं रंगीन प्रजातियां विशेष रूप से चर्चा में रही।

इस अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने इस सफल आयोजन के लिए सभी लोगों को बधाई दी और कहा कि पन्तनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक लगातार उन्नत प्रजाति के फलों को तैयार करने में लगे हुए हैं, जिससे किसान इससे लाभान्वित हो सके।

1. पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित आम की किस्मों के बारे में सीडीएस जनरल अनिल चौहान को जानकारी देते हुए डा. ए.के. सिंह, प्राध्यापक, उद्यान।